an>

Title: Need to conserve the Harshnath Temple/Harsh Parvat situated in Sikar, Rajasthan.

श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर): अध्यक्ष महोदया, मैं राजस्थान के सीकर क्षेत्र से आता हूँ। वहाँ पर एक हर्ष पर्वत नाम का स्थान है। राजस्थान में माउंट आबू के बाद वह दूसरा ऊँचा स्थान है। यहाँ पर 11वीं शताब्दी का हर्षनाथ का मंदिर है जिसे देखने के लिए देश और विदेश से लोग आते हैं। मेरा आज दो मंत्रालयों से संबंधित यह निवेदन है। संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय तथा वन एवं पर्यावरण मंत्रालय। क्योंकि यह काफी ऊँचाई का स्थान है जहाँ रास्ता बहुत टेढ़ा-मेढ़ा है। माननीय वन मंत्री जी को भी हमने लिखकर दिया है कि सड़क को चौड़ी करने की अनुमति दी जाए ताकि वहाँ पर वाहन जा सकें, क्योंकि मेरे स्वयं के साथ विदेशी पर्यटक जो इतिहास से संबंध रखते हैं, वे वहाँ घूमने के लिए गए हैं। इसी तरह से माननीय पर्यटन मंत्री जी यहाँ बैठे हैं। उनसे मैंने निवेदन किया था कि आप इसको राष्ट्रीय धरोहर का रूप दें ताकि पर्यटन की दृष्टि से भी देश को आय हो सके और इस स्थान का महत्व भी जाना जा सके। यही मेरा निवेदन है। धन्यवाद।